This Question Paper consists of 34 questions and 11 printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में 34 प्रश्न तथा 11 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No. 54/AS/4 कोड नं.

Set– A

ECONOMICS
(अर्थशास्त्र)
(214)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) _____

Signature of Invigilators 1. _____

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. _____

General Instructions :

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

4 All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.

5 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

6 Write your Question Paper code No. **54/AS/4– A** on the Answer-Book.

7 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **54/AS/4–A** लिखें ।

7 (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

ECONOMICS

(अर्थशास्त्र)

(214)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (1) **All** questions are **compulsory.**

(2) Marks allotted to each question are indicated against it.

(3) Each question from Q. Nos. 1 to 8 has four alternatives (A), (B), (C) and (D) and out of which one is the most appropriate. Select the correct answer and write it in your answer-book against the number of question.

निर्देश : (1) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं ।

(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक, प्रत्येक प्रश्न में चार वैकल्पिक उत्तर (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं जिनमें से एक सही या सर्वाधिक उचित है । सही उत्तर चुनिये तथा अपनी उत्तर–पुस्तिका में उसे प्रश्न क्रमांक के सामने लिखिये ।

1 Which one of the following is a positive statement ? **1**

(A) Government should increase the wage of labourers.

(B) India has a large number of unemployed youth.

(C) Government should provide houses to poor people at low prices.

(D) Government should provide free education to all.

निम्नलिखित में से कौन–सा एक वास्तविक कथन है ?

(A) सरकार को श्रमिकों की मज़दूरी बढ़ानी चाहिए ।

(B) भारत में बेरोज़गार युवकों की संख्या अधिक है ।

(C) सरकार को गरीबों को कम कीमतों पर मकान उपलब्ध कराने चाहिए ।

(D) सरकार को सभी को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करानी चाहिए ।

2 Which one of the following is a non-economic factor of economic development ? 1

(A) Natural resources (B) Racial factors

(C) Capital formation (D) Technology

निम्नलिखित में से आर्थिक विकास का कौन–सा गैर–आर्थिक कारक है ?

(A) प्राकृतिक संसाधन (B) वंशानुगत कारक

(C) पूँजी निर्माण (D) प्रौद्योगिकी

3 The problem of 'what goods and services shall be produced' is related to : 1

(A) Which goods and services are to be produced.

(B) The method by which goods and services are to be produced.

(C) Distribution of income and wealth in the society.

(D) Who is to enjoy and get the benefit of the goods and services produced.

'किन वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाए' समस्या सम्बन्धित है :

(A) किन वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाए ।

(B) वह विधि जिसके द्वारा वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाए ।

(C) समाज में आय और सम्पत्ति के वितरण से ।

(D) उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग किसे करना है तथा कौन इन का लाभ प्राप्त करेगा ।

4 A production unit owned by a single individual is known as : 1

(A) A partnership (B) A private company

(C) Sole proprietorship (D) A public distribution unit

एक व्यक्ति के स्वामित्व वाली उत्पादन इकाई कहलाती है :

(A) साझेदारी (B) निजी कम्पनी

(C) एकल स्वामित्व (D) सार्वजनिक वितरण इकाई

5 Marginal revenue is : 1

(A) The amount a seller receives by selling certain quantity of a commodity.

(B) Revenue per unit of the commodity sold.

(C) Increase in total revenue due to one unit increase in the sale of the quantity of output.

(D) The total amount of money received by the seller during a given time period.

सीमान्त आगम होता है :

(A) एक विक्रेता द्वारा वस्तु की एक निश्चित मात्रा के विक्रय से प्राप्त राशि ।

(B) वस्तु के विक्रय से प्रति इकाई आगम ।

(C) उत्पादन की मात्रा के विक्रय में एक इकाई की वृद्धि करने पर कुल आगम में होने वाली वृद्धि ।

(D) दी गई समय अवधि में विक्रेता द्वारा प्राप्त कुल मौद्रिक राशि ।

6 Demand for a commodity refers to : 1

(A) Quantity of the commodity that a buyer is willing to buy at a given price per unit of time.

(B) Quantity of the commodity purchased per unit of time.

(C) Quantity of the commodity that a buyer is willing to buy.

(D) Quantity of the commodity purchased at a given price.

किसी वस्तु की मांग से अभिप्राय है :

(A) वस्तु की वह मात्रा जो एक दी गई कीमत पर प्रति इकाई समय में क्रेता क्रय करने के लिए तत्पर है ।

(B) वस्तु की वह मात्रा जो प्रति इकाई समय में खरीदी जाती है ।

(C) वस्तु की वह मात्रा जो क्रेता क्रय करने के लिए तत्पर है ।

(D) वस्तु की वह मात्रा जो दी गई कीमत पर खरीदी जाती है ।

7 Data means : 1

(A) Quantitative and qualitative information.

(B) Quantitative and qualitative information providing facts in aggregate manner.

(C) Qualitative information providing facts in aggregate manner.

(D) Quantitative information providing facts in aggregate manner.

आँकड़ों से अभिप्राय है :

(A) संख्यात्मक तथा गुणात्मक सूचना ।

(B) तथ्यों को सामूहिक रूप में उपलब्ध कराने वाली संख्यात्मक तथा गुणात्मक सूचना ।

(C) तथ्यों को सामूहिक रूप में उपलब्ध कराने वाली गुणात्मक सूचना ।

(D) तथ्यों को सामूहिक रूप में उपलब्ध कराने वाली संख्यात्मक सूचना ।

8 One of the major sources of water pollution is : 1

(A) Exhaust of vehicles and automobiles

(B) Discharge from sewage treatment plants

(C) Vehicular traffic

(D) Construction work on roads

जल प्रदूषण के मुख्य स्रोतों में से एक है :

(A) वाहनों तथा मोटर गाड़ियों से निकली गैस

(B) मलउपचार संयंत्रों से निस्सारण

(C) मोटर गाड़ी यातायात

(D) सड़कों पर निर्माण कार्य

9 'Some wants arise again and again'. Justify this statement. 2

'कुछ आवश्यकताएँ बार बार अनुभव होती है ।' इस कथन का औचित्य दीजिए ।

10 What is meant by 'entrepreneurship' as a factor of production ? 2

उत्पादन के साधन के रूप में 'उद्यम' से क्या अभिप्राय है ?

11 Define fixed cost of production. 2

उत्पादन की स्थिर लागत की परिभाषा दीजिए ।

12 The total cost of producing 15 units of a commodity is ₹ 195. Calculate the average cost of production. 2

किसी वस्तु की 15 इकाई उत्पादन करने की कुल लागत ₹ 195 है । उत्पादन की औसत लागत की गणना कीजिए ।

13 How will the equilibrium price of a commodity be affected when its supply decreases but demand remains the same ? 2

किसी वस्तु की संतुलन कीमत कैसे प्रभावित होगी जब उसकी आपूर्ति में कमी हो जाती है परन्तु मांग अपरिवर्तित रहती है ?

14 How does public distribution system help the poor people ? 2

सार्वजनिक वितरण प्रणाली किस प्रकार गरीब लोगों की सहायता करती है ?

15 'Saving can act as a kind of security for future'. Explain with the help of an example. 2

'बचत, भविष्य के लिए, एक सुरक्षा का कार्य कर सकती है ।' एक उदाहरण की सहायता से समझाइये ।

16 Define 'central tendency'. 2

'केन्द्रीय प्रवृत्ति' की परिभाषा दीजिये ।

17 State any **two** main sources of air pollution. 2

वायु प्रदूषण के किन्हीं **दो** मुख्य स्रोतों का उल्लेख कीजिए ।

18 Suggest any **two** ways by which we can contribute to sustainable development. 2

ऐसे **दो** तरीके सुझाइये जिनके द्वारा हम धारणीय विकास में योगदान दे सकते है ।

19 What are producer services ? Explain with the help of a suitable example. 4

उत्पादक सेवाएँ क्या होती हैं ? एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से समझाइये ।

20 Distinguish between a developed economy and a developing economy. 4

विकसित अर्थव्यवस्था एवम् विकासशील अर्थव्यवस्था में भेद कीजिए ।

21 Distinguish between product based division of labour and process based division of labour with appropriate examples. 4

उत्पाद आधारित श्रम विभाजन तथा प्रक्रिया आधारित श्रम विभाजन में उपयुक्त उदाहरणों सहित भेद कीजिए ।

22 State any **four** main features of perfectly competitive market. 4

पूर्ण प्रतियोगी बाज़ार की किन्हीं **चार** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

23 Explain any **two** functions of money. 4

मुद्रा के किन्हीं **दो** कार्यों को समझाइये ।

24 How does a bank create credit ? Explain with the help of a numerical example. 4

बैंक साख का सृजन कैसे करता है ? एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से समझाइये ।

25 Give meaning of an 'individual series' and a 'discrete series'. Give one example of each. 4

'व्यक्तिगत श्रृंखला' तथा 'विच्छिन्न श्रृंखला' का अर्थ बताइये । प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए ।

26 Explain in any **two** ways the importance of data in economics. 4

अर्थशास्त्र में आँकड़ों के महत्व को किन्हीं **दो** प्रकार से समझाइये ।

27 Following table relates to weight of 100 students in a school. Calculate arithmetic mean using short cut method. 4

Weight (kgs.) :	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
No. of students :	7	10	35	30	8	10

निम्नलिखित तालिका एक विद्यालय के 100 विद्यार्थियों के वज़न से सम्बन्धित है । लघु विधि का प्रयोग करके समान्तर माध्य की गणना कीजिए ।

वज़न (कि.ग्रा.) :	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
विद्यार्थियों की संख्या :	7	10	35	30	8	10

28 Explain any **two** steps taken by the government to achieve higher economic growth. 4

उच्च आर्थिक संवृद्धि प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाये गए किन्हीं **दो** कदमों के बारे में समझाइये ।

29 Compare in any **four** ways the Indian economy with that of China. 4

किन्हीं **चार** प्रकार से भारतीय अर्थव्यवस्था की चीन की अर्थव्यवस्था से तुलना कीजिए ।

30 Explain any **two** rights of consumers. 4

उपभोक्ताओं के किन्हीं **दो** अधिकारों की व्याख्या कीजिए ।

31 How is supply of a commodity affected by : 6

(i) Decrease in price of other related goods.

(ii) Improvement in technology of production.

किसी वस्तु की आपूर्ति निम्न के द्वारा कैसे प्रभावित होती है ?

(i) अन्य सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत में कमी होने पर

(ii) उत्पादन की प्रौद्योगिकी में सुधार होने पर

32 Describe any **two** notable economic features of the Indian economy at the end of British rule. 6

अंग्रेज़ों के शासनकाल के पश्चात् भारतीय अर्थव्यवस्था की ध्यान देने योग्य किन्हीं **दो** आर्थिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

33 Explain in any **three** ways the role of primary sector in Indian economy. 6

किन्हीं **तीन** प्रकार से भारतीय अर्थव्यवस्था में प्राथमिक क्षेत्रक की भूमिका को समझाइये ।

34 Give **three** major causes of soil degradation. 6

भूमि पतन के **तीन** मुख्य कारण बताइये ।